संख्या–1462 / 63–व0उ0–2010–75(एच) / 91

प्रेषक,

सुरेन्द्र कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊः दिनांक 07 सितम्बर, 2010

विषयः– हथकरघा उघोग के बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2010–11 में वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–619 / हक0 / विकास / हथ0पुरस्कार / 2010–11, दिनांक 05 अगस्त,2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ हैं कि श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 में राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनान्तर्गत व्यवस्थित रू0 4,56,000.00 (रूपये चार लाख छप्पन हजार मात्र) की धनराशि की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि को व्यय करते समय शासकीय व्यय में मितव्ययिता एवं वित्तीय नियमों के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–951 / दस–2010–231 / 2010, दिनांक 26 मार्च,2010 में निहित निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाय व मासिक व्यय विवरण प्रपत्र बी0एम0–13 में वित्त विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

3– प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि का सदुपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में चालू वित्तीय वर्ष में महालेखाकार (लेखा परीक्षा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद तथा शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

4– उपर्युक्त प्रस्तर–1 में स्वीकृत धनराशि रू0 4,56,000.00 (रूपये चार लाख छप्पन हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक की अनुदान सं0–6 के लेखाशीर्षक "2851–ग्राम तथा लघु उघोग–आयोजनेतर–103–हथकरघा उघोग–03–हथकरघा उघोग बुनकरों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य हथकरघा पुरस्कार–42–अन्य व्यय" के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि के नामें डाला जायेगा।

5– यह आदेश वित्त विभाग के अशा0सं0–ई–6 / 458 / दस–2010, दिनांक 07.09.2010 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।

संख्या–1462(1) / 63–व0उ0–2010, तद्दिनांक–

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– वरिश्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3– निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।
4– वित्त (ई–6) अनुभाग।
5– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, हथकरघा वस्त्रोघोग, उ0प्र0 शासन।
6– गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।